डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, बीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | पौष शुक्ल पक्ष 13- 2082 | भोपाल,दिन गुरूवार, दिनांक 01 जनवरी ,2025

न्यूज गैलरी

वॉट्सएप चेक करने को कहा और खाते से 5 लाख गायब

ग्वालियर। ग्वालियर में एक रिटायर्ड सहायक अधिकारी साइबर ठगी का शिकार हो गए। ठगों ने उनसे केवल वॉट्सएप चेक करने को कहा और उनके खाते से 5 लाख रुपए गायब कर दिए। पीड़ित ने मंगलवार शाम एसपी कार्यालय पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। यह घटना ग्वालियर के मुरार थाना क्षेत्र में रहने वाले रिटायर्ड अधिकारी रमेश सिंह कुशवाह के साथ हुई। रमेश सिंह कुछ साल पहले कोल इंडिया इनकॉर्पोरेशन लिमिटेड में सुरक्षाअधिकार पद से सेवानिवृत्त हुए थे। रिटायरमेंट के बाद वे ग्वालियर स्थित अपने घर पर रह रहे थे और हाल ही में उन्हें सेवानिवृत्ति से जुड़ी एक बड़ी रकम मिली थी। ।

जनगणना पूरी होने तक सीमा फ्रीज,

भोपाल। भोपाल की 5 तहसीलों का प्रस्ताव अटका होने से न नए जिले बन सकेंगे, न तहसीलें भोपाल देश में जनगणना की तैयारियां पूरी होने के साथ प्रशासनिक सीमाएं फ्रीज कर दी गई हैं। मप्र में इसकी अंतिम तारीख 31 दिसंबर तय थी। अब जनगणना पूरी होने तक न नया जिला बनाया जा सकेगा, न नई तहसील गठित होगी। न किसी तरह का सीमा परिवर्तन किया जा सकेगा। सीमाएं फ्रीज होने का सीधा असर भोपाल में प्रस्तावित 5 नई तहसीलों के पुनर्गठन पर पड़ा है। पूर्व प्रस्ताव और स्टाफ तैनाती का उल्लेख होने के बावजूद मामला दोबारा ठंडे बस्ते में चला गया है। इधर, प्रशासनिक सीमाएं फ्रीज करने की 31 दिसंबर की समयसीमा पूरी होने पर भी जनगणना निदेशालय से राज्य शासन को लिखित पत्र नहीं पहुंचा है।

8 लाख की स्टाम्प ड्यूटी चोरी, दो पर केस दर्ज

भोपाल जनसंपर्क में जमीन की रजिस्ट्री से जुड़ी धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। ईओडब्लू की जबलपुर इकाई ने मोहम्मद आरिफ मंसूरी और सुरेश विश्वकर्मा के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपियों ने 8 लाख रुपए की स्टाम्प ड्यूटी चोरी की और खरीदार से एक करोड़ रुपए की धोखाधड़ी की। रजिस्ट्री के समय 7.90 लाख रुपए रुपए की स्टाम्प ड्यूटी जमा नहीं की गई, जिससे रजिस्ट्रार ने मूल प्रॉक्सी पत्र जारी नहीं किया। बावजूद कोटो कॉपी के आधार पर नामांतरण कराया और जमीन आगे बेच दी गई। शिकायत कर्ता पुनीत रंजन दाऊद के पिता मोहनलाल दाऊद ने 30 नवंबर 2019 को दो जमीनें 1 करोड़ 3 लाख 84 हजार रुपए में बेची थीं। बिक्रय पत्र में 20 लाख नकद था बाकी चेक से जो बाउंस हो गए।

केंद्र ने मप्र के दो अफसरों की की जिम्मेदारियां बदली

भोपाल। केंद्रीय अतिनियुक्ति पर पदस्थ अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी हैं। केंद्रीय नियुक्ति समिति की मंजूरी के बाद ये आदेश जारी किए गए हैं। इन तबादलों और पदस्थापना में मध्यप्रदेश कैडर के दो वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हैं। पहला नाम आईएएस और एक आईएफएस अधिकारी हैं। पहला नाम केरलिन खोंगार का है। वे 1995 बैच की आईएएस अधिकारी हैं। उन्हें सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय में एडिशनल सेक्रेटरी के पद से हटाकर महिला एवं बाल विकास मंत्रालय में एडिशनल सेक्रेटरी के रूप में पदस्थ किया गया है। वहीं, 1990 बैच के आईएफएस अजित भोपाल को पदोन्नति दी गई है। उन्हें वस्त्र मंत्रालय में एडिशनल सेक्रेटरी और फाइनेंशियल एडवाइजर से बढ़ाकर सेक्रेटरी और

दूषित पानी से हाहाकार , मुख्यमंत्री बीमारों से मिलने अस्पताल पहुंचे, डॉक्टरों को निर्देश दिए

नए साल के जश्न के बीच इंदौर में मातम,जहरीले पानी से हुई 11 लोगों की मौत , 150 बीमार

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर के वर्मा नर्सिंग होम में 12 मरीजों से मुलाकात की। उनका हाल-चाल पूछा। डॉक्टरों से इलाज की जानकारी भी ली

150 से ज्यादा लोग बीमार 11 घरों तक पहुंची रेख .

भोपाल में भी अलर्ट, पानी की जांच करने पहुंची टीम

इंदौर बेड का अहम जायेजा

मुख्यमंत्री ने अस्पताल पहुंचकर मरीजों का हाल जाना

डीआर संवाददाता॥भोपाल

देश के सबसे स्वच्छतम शहर इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से बुधवार शाम तक 10 मौत होने की खबर है। 150 से ज्यादा लोग अस्पतालों में भर्ती है। मामले की गंभीरता को देखते हुए कुमार शाम सीएम डॉ. मोहन यादव खुद इंदौर पहुंचे। यहां उन्होंने अलर्ट-कालन अस्पतालों में जाकर बीमार लोगों से मुलाकात की।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर के वर्मा नर्सिंग होम में 12 मरीजों से मुलाकात की। उनका हाल पूछा। डॉक्टरों से इलाज की जानकारी भी ली। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय उनके साथ रहे। इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने माना कि भागीरथपुरा क्षेत्र में गंदा पानी पीने के कारण लगभग 150 से अधिक लोग बीमार हो गए हैं। जबकि 7 लोगों की मौत हो गई है। सरकारी स्तर पर अभी एक्सगेशन तीन गैंगों की पूर्ति की गई है। इनमें नंदराम (70), उर्मिला (60) और ताराबाई (70) शामिल है। प्रशासन के मुताबिक इन तीनों की कल्पना मौत डायरिया के कारण हुई है। गौतो की जांच की जा रही है और रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट होगी। बुधवार को भागीरथपुरा **लोगों को मुफ्त इलाज मुहैया कराया**ने पांच माह के बच्चे की मौत हुई कोई ने रात्रि 8 बजे तक 7 मौतें होने की पुष्टि की है। मृतकों के परिजनों को 4 लाख रुपए का मुआवजा देने और इस दुखद घटना का एक रिपोर्ट मंत्रियों का निर्देश दिया। इधर कोई को इंदौर बेड ने नल कोचार रेखा शामिल हैं बताए हैं दूषित पानी से पानी की जगह पर बाजार से के दम तोड़ा। दिया के मौत होने 2 जनवरी तक मंत्रा रिपोर्ट देनी है।

2 जनवरी तक मप्र सरकार से मांगी स्टेटस रिपोर्ट

पांच माह के बच्चे की मौत

बुधवार को पांच माह के बच्चे जयवंत की मौत से परिजनों का आक्रोशित होना देखा जा रहा है। परिजनों का कहना है कि उनका 8 को दूषित पानी का शिकार हुआ है। उसे कहां कुछ किसका बोल था। उसने जो पिया होगा। उसे अस्पताल ले जाते तो बच्चा बच जाता।

इधर, भोपाल में भी अलर्ट, पानी की जांच करने पहुंची टीम

इंदौर दूषित पानी से मौतों के बाद भोपाल स्तर जिलाम भी अलर्ट पर है। म्हापौर मालती राय ने सभी इंजीनियरों को निरीक्षण करने के आदेश दिए है ताकि शहर कि कहीं दूषित पानी की सप्लाई तो नहीं की जा रही है। मंगलवार को टीम पहुंची थी। कुल पांच ने पानी के सैम्पल भी लिए

मंत्री विजयवर्गीय झल्लाए कहा- फोकट प्रश्न मत पूछिए

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इंदौर पहुंचे और अधिकारियों की बैठक की बैठक में जिला कलेक्टर मनीष सिंघल और डॉ मीना ने मुख्यमंत्री को बताया कि अस्पताल में सभी मरीजों के परिजनों को लगभग 5 लाख रुपये का मुफ्त इलाज किया जा रहा है। इसके बाद इंदौर दूर अस्पताल का दौरा किया। मुख्यमंत्री ने मृतक परिजनों से मुलाकात की और सांत्वना व्यक्त की।

महिलाओं के अंडरगारमेंट्स चोरी करता, फिर पहनकर सोता

डीआर संवाददाता॥भोपाल

आरोपी ने मंगलवार रात को एक डेरी संचालक के यहां से महिलाओं के कपड़े चुराए थे। भोपाल की कोलार पुलिस ने एक अंतर्राज्यीय चोर को पकड़ा है। आरोपी महिलाओं के अंडरगारमेंट्स चोरी करता, फिर खुद पहनकर घूमता था। मंगलवार रात वह आमरुवाल कॉलोनी में रहने वाले एक डेरी संचालक के घर घुसा और बालकनी से महिलाओं के अंडरगारमेंट्स चुरा लिए।

डेरी संचालक के मुताबिक, रात करीब 12:30 बजे बालकनी में पराग्राई दिखी। गेट खोलकर लपकाने पर आरोपी अंडरगारमेंट्स लेकर भाग गया, लेकिन भागते समय उसका अंगिया वाला गेट में गिर गया, जिस पर नाम प्रीयेश लिखा था। इसी सुराग के आधार पर पुलिस ने कुशवाह तोमर आरोपी को उसके घर से पकड़ लिया। पुलिस की दबिश के दौरान आरोपी सो रहा था और चोरी किए गए अंडरगारमेंट्स उसने पहन रखे थे। इसका वीडियो भी सामने आया है।

पीड़ित ने बताया कि आरोपी ने इससे पहले गंगाकिनी कॉलोनी के एक अन्य घर में भी चोरी की थी। भागते समय वहां से चुराए गए अंडरगारमेंट्स उनके घर में छूट गए, जिन्हें पुलिस को सौंप दिया गया है।

आरोपी में फेटिशिज्म और वैदलिज्म जैसी मनोवैज्ञानिक प्रवृत्तियां

जेपी अस्पताल के मेडिकल साइकोलॉजिस्ट डॉ. राहुल शर्मा के अनुसार, आरोपी में फेटिशिज्म और वैदलिज्म जैसी मनोवैज्ञानिक प्रवृत्तियां हो सकती हैं। ऐसे व्यवहार के पीछे महिलाओं के प्रति आकर्षण या नकारात्मक भावनाएं भी कारण हो सकती हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसे मामलों में मनोवैज्ञानिक इलाज और काउंसलिंग जरूरी है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

श्योपुर कलेक्टर के बंगले में रामनिवास बैठते हैं, उनकी कोई हैसियत नहीं,ए सीएम भी उन्हीं को तवज्जो देते हैं

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

मध्यप्रदेश शहरिया विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष और वरिष्ठ प्रभाव राज्यमंत्री सीताराम आदिवासी का दर्द छलका है। सीताराम कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में आए पूर्व मंत्री रामनिवास रावत से परेशान हैं। उन्होंने कहा मैं कांग्रेस में मंत्री हूं। इसके बावजूद न तो बैठकों में बुलाया जा रहा और न ही कोई सम्मान दिया जा रहा है। जबकि रावत को हर स्तर पर तवज्जो मिल रही है। सीताराम ने कहा कि साल ही ने जिले में हुई बैठक में उन्हें आमंत्रित तक नहीं किया गया। जब वे पिछली बैठक में गए थे, तो वहां भी उनका कोई सम्मान नहीं हुआ। मुख्यमंत्री भी रावत को ही तवज्जो देते हैं। सीताराम ने तीखे लहजे में कहा कि मैं पार्षमान में मंत्री हूं, जबकि रामनिवास रावत किसी पद पर नहीं हैं। इसके बावजूद मुख्यमंत्री, कलेक्टर और प्रभारी मंत्री सभी उन्हें प्राथमिकता दे रहे हैं। एमए नहीं अलग कि मुख्यमंत्री बार बार रामनिवास के सरकारी कार्यों में रहे हैं, जबकि क्षेत्र में उनकी कोई राजनीतिक हैसियत नहीं है।

लोकसभा चुनाव में आदिवासियों ने बीजेपी कैंडिडेट के खिलाफ कांग्रेस चुनाव के लेकर भी सीताराम ने कहा कि रामनिवास ने नहीं, बल्कि उनकी विधानसभा क्षेत्र के आदिवासियों ने राजमल को सांसद को जिताया है। उन्होंने दावा किया कि रावत रामपुर के 10-15 हजार वोटों से चुनाव नहीं जीत पा सकते, बल्कि पूरे ट्राइब्ल क्षेत्र के आदिवासियों ने एकमुश्त होकर मतदान किया था। इसके बावजूद मुख्यमंत्री बार-बार रामनिवास को श्रेय दे रहे हैं। मुझे टिकट नहीं दिया तो आदिवासी नाराज हो गए

नए साल में पहला लोन सात जनवरी को साल के आखिरी दिन मप्र ने लिया 3500 करोड़ का लोन

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

साल 2025 के आखिरी दिन सरकार ने तीन किस्तों में 3500 करोड़ का लोन लिया। इस कर्ज का इस्तेमाल सिंचाई, राहत और तटर्ज रोकस्ट में चल रहे प्रोजेक्ट में किया जाएगा।

नए कर्जों के बाद अब मप्र पर कुल कर्ज बढ़कर 4.74 लाख करोड़ हो चुका है। इस वित्तीय वर्ष में प्रदेश लगभग 93 हजार करोड़ के लोन सरकार ले चुकी है।

ये कर्ज 1200 करोड़ की दो किस्तों और एक किस्त 1100 करोड़ की किस्त के लिए लिया जा रहा है। इसी महीने 2 दिसंबर को मोहन सरकार ने तीन किस्तों में 3 हजार करोड़ के कर्ज लिए थे। साल 2025 में 31 मार्च को खत्म हुए वित्तीय वर्ष में 4.21 लाख करोड़ का कर्ज हो चुका था। वित्त वर्ष 2023-24 में सरकार 12987.78 करोड़ के रेवेन्यू सरप्लस में थी। इसी अवधि में 234026.05 करोड़ और खर्च 221538.27 करोड़ रहा। इसके पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में सरकार की रिवाइज्ड आमदनी 262004.01 करोड़ और खर्च 265583.10 करोड़ बताया है। पिछले वित्त वर्ष में भी सरकार की आय 1025.91 करोड़ सरप्लस थी।

650 घरों, 250 दुकानों के बिजली कनेक्शन काटे

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

बकायादार उपभोक्ताओं के खिलाफ बिजली कंपनी ने एक बार फिर सख्त रुख अपनाया है। गुरुवार को भोपाल सिटी सर्किल के उत्तर संभाग में बड़े स्तर पर कार्रवाई करते हुए नारियलखेड़ा से लेकर सात हिरदाराम नगर तक 650 घरों और 250 दुकानों के बिजली कनेक्शन काट दिए गए।

इस कार्रवाई से एक ही दिन में करीब 900 उपभोक्ताओं के यहां अंधेरा छा गया। बिजली कंपनी के अधिकारियों के मुताबिक इन उपभोक्ताओं पर बिजली बिल बकाया था। इनमें 50 ऐसे भी हैं, जिन पर एक-एक लाख रुपए से ज्यादा का राशि बकाया है। इन्होंने पिछले चार महीने से बिजली बिल जमा नहीं किया था। बाकी उपभोक्ताओं पर 6 हजार रुपए से लेकर 70 हजार रुपए तक की बकाया राशि थी।

नोटिस और रिमाइंडर के बाद हुई कार्रवाई

भोपाल सिटी सर्किल (उत्तर संभाग) के डीजीएम अंकित जायसवाल ने बताया कि बकायादारों को लिखापढ़ी पहले नोटिस जारी किए गए थे। इसके बाद रिमाइंडर भी भेजे गए। इसके बावजूद जिन लोगों ने बकाया राशि जमा नहीं की, उनके बिजली कनेक्शन काटने की कार्रवाई की गई।

यहां गुरुवार से ही बिजली कंपनी की टीमों ने मौके पर पहुंच कई जगहों पर उपभोक्ताओं के मौके पर ही बिल जमा कराकर कनेक्शन बहाल करवाने की प्रक्रिया शुरू की। यह कार्रवाई वसूली के लिए पूरी तरह निरंतर जारी रहेगी।

जारी रहेगा अभियान,बिजली कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। कंपनी का उद्देश्य उपभोक्ताओं को परेशान करना नहीं, बल्कि समय पर राजस्व वसूली सुनिश्चित करना है।

इन इलाकों में की गई कार्रवाई

गांधी नगर
रत्न हिरदाराम नगर
कोतवाली (तुलानिया)
शाहजहानाबाद
नादरा बस स्टैंड
छोला छपकाकला
कोहेफिजा
खानूगांव (नरसिंहखेड़ा)

जन्मदिन पर ही चाकू से मार डालाय आरोपी हिरासत में

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

इंदौर के मल्हारगंज इलाके में नए साल की रात पार्टी के दौरान विवाद हो गया, जिसमें दोस्तों ने ही मिलकर एक दोस्त पर चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग काइम किया है। पुलिस अधिकारी पूरे घटनाक्रम की जांच कर रहे हैं।मल्हारगंज पुलिस के मुताबिक मृतक का नाम पुष्पेन्द्र (22) निवासी इंदुपुरा कॉलोनी बताया गया है। 31 दिसंबर की रात करीब 2 बजे पुलिस को सूचना मिली थी कि वहां एक मकान में कुछ युवकों के बीच विवाद हुआ है। सूचना मिलने पर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। जांच में सामने आया कि कुछ युवक पार्टी कर रहे थे, इसी दौरान विवाद हो गया। बाचूबाजी में पुष्पेन्द्र को चाकू से गंभीर घाव लगे, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस इस घटनाक्रम में आरोपियों की तलाश कर रही है।दीपाई दिनेश सिंह कुशवाह के मुताबिक 31 दिसंबर को पुष्पेन्द्र पुत्र राजकुमार का जन्मदिन था। इसी आयोजन में उसने अपने अन्य दोस्तों के साथ गब्बू उर्फ नीरज यादव को भी बुलाया था। रात करीब साढ़े 12 बजे मजाक के दौरान पुष्पेन्द्र ने नीरज यादव को अपशब्द कह दिए। इस बात पर दोनों के बीच विवाद हो गया, जिसमें नीरज ने उस पर चाकू से हमला कर दिया।

रात में दोस्त उसे निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। पुलिस ने रात्रभर आरोपी की तलाश की और अलसुबह नीरज यादव को हिरासत में ले लिया।

नए साल में देवालय में श्रद्धालुओं की भीड़ नववर्ष के पहले दिन लोग देव दर्शन के शुरुआत करेंगे।

मंदिरों मे शंखनाद से होगा नव वर्ष का अभिनंदन

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

भोपाल नववर्ष के पहले दिन एक जनवरी को बड़ी संख्या में लोग देव दर्शन के साथ अपने दिन की शुरुआत करेंगे। गुप्ता मंदिर लालघाटी में गुरुवार को सूर्योदय के समय मंदिर के बटुक व पुजारी कंचनानंद कर नव वर्ष का अभिनंदन करेंगे। पं. सोनू शर्मा ने बताया कि स्वस्ति वाचन भी होगा। अंतरा पहाड़ी स्थित बिड़ला मंदिर सुबह 6 से रात 10 बजे तक खुला रहेगा। इसी तरह करुणामय मंदिर नेहरु नगर में मां लक्ष्मी का विशेष श्रृंगार मंदिर में विद्युत सज्जा व भजन होगा। बड़वाले महादेव मंदिर सोमवारा में गुरुवार को नए साल के पहले दिन प्रदोष होने पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने भगवान बटेश्वर का हरित श्रृंगार होगा। बाले बिहारी बने की जगह धारण कि बीच गर्भ के साथ 9 कन्याओं ने दी आहुतियां, यज्ञ मंडप की परिक्रमा भी भोपाल दुर्गा धाम शक्तिपीठ मंदिर अशोक गार्डन में चल रहे हरिहरात्मक शक्ति महायज्ञ में शुक्रवार को 100 श्रद्धालुओं के कलश की कन्याओं ने भी मंत्रोच्चार के बीच आहुतियां दी। कन्याओं ने आदि शक्ति महामाया के बीज मंत्रों का वाचन करते हुए आहुतियां जन कल्याण के भाव से दिलवाई गई। सबने यज्ञ मंडप की परिक्रमा भी की। मंदिर समिति के प्रधान रविंद्र अनिल ठाकुर ने बताया कि इस मौके पर कलश के यजमान पं. सुनील किशोर शास्त्री ने राष्ट्र से पर्यावरण शुद्धि व यज्ञ के आध्यात्मिक महत्व को बताया। आज से भागवत कथा, हनुमंत करेंगे वाचन भोपाल 1 से 7 जनवरी 2026 तक 15वां श्रीमद भागवत कथा महोत्सव होगा। गुरुवार गुरुवार सुबह 10 बजे कलश यात्रा से होगी। बच्चा दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक चलेगी। कथा वाचन राष्ट्रीय संत श्री हनुमंत पं. गोपाल

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर | पौष शुक्ल पक्ष, 13 - 2082 | सीहोर, दिन गुरूवार, दिनांक 01 जनवरी 2026

न्यूज गैलरी

वांटर योजना में सोयाबीन का मॉडल रेट 4345 रुपए जारी

सीहोर। भावांतर योजना 2025 के अंतर्गत सोयाबीन विक्रय किसानों के लिए मॉडल रेट प्रतिदिन जारी किया जा रहा है। बुधवार 31 दिसंबर को 4346 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया है। यह मॉडल रेट उन किसानों के लिए है जिन्होंने अपनी सोयाबीन की उपज मंडी प्रांगण में विक्रय की है। इस मॉडल रेट के आधार पर ही भावांतर की राशि की गणना की जाएगी। मॉडल रेट और न्यूनतम समर्थन मूल्य के भावांतर की राशि राज्य सरकार द्वारा दी जा रही है।

कुबेरेश्वरधाम पर श्रद्धालुओं की भीड़, 50 जवान तैनात

नए साल की पूर्व संध्या पर कुबेरेश्वरधाम पर श्रद्धालुओं की भीड़ है। ठंड और कोहरे के बावजूद लोग प्रार्थना करने और आशीर्वाद लेने पहुंच रहे हैं। गुरुवार को यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पुलिस प्रशासन ने करीब 50 से अधिक जवानों को तैनात किया है। वहीं श्रद्धालुओं के लिए कुटी और मिठाई आदि का भोजन के साथ वितरण किया जाएगा। गुरुवार को धाम पर भक्तों का ताता लगा हुआ था। साल के आखिरी दिन भगवान से नई शुरुआत के लिए आशीर्वाद मांगने वालों की संख्या इतनी ज्यादा थी कि कई जगहों पर धुंधला से पुष्पा हरणाम किए गए।

श्मशान घाट में पेवर ब्लॉक लगने से कीचड़ की समस्या खत्म

बिलकिसगंज। ग्राम उलदाखेड़ा के श्मशान घाट परिसर में सौंदर्यीकरण का काम शुरू हो गया है। यहां करीब चार हजार वर्गफुट में पेवर ब्लॉक लगाए जा रहे हैं। इससे परिसर का स्वरूप बदलेगा। ग्रामीणों को कीचड़ की समस्या से राहत मिलेगी। सरपंच प्रतिनिधि पिंटू वर्मा ने बताया कि पहले अंतिम संस्कार के समय कीचड़ के कारण लोगों को परेशानी होती थी। अब यह दिक्कत नहीं रहेगी। उन्होंने बताया कि पेवर ब्लॉक का काम पूरा होने के बाद परिसर में पौधरोपण किया जाएगा। इससे वातावरण स्वच्छ और हरित बनेगा। भूमिपूजन के समय पदम सिंह मालवीय, बाबूलाल मालवीय, प्रेम सिंह मालवीय, बालकुमार मालवीय, जीतन सिंह, रोर सिंह, कैलाश मालवीय सहित बड़ी ग्रामीण मौजूद रहे।

खाईखेड़ा मंडल में होगा विशाल हिंदू सम्मेलन

खाईखेड़ा। 11 जनवरी को होने वाले हिंदू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर कांकड़ वाले हनुमान मंदिर में मंगलवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से हिंदू समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक में सर्वसम्मति से हिंदू सम्मेलन के आयोजन के लिए एक समिति का गठन किया गया। इसमें कुबेर सिंह दांगी (हथियाखेड़ा) को संयोजक नियुक्त किया गया। हमीर सिंह दांगी (हथियाखेड़ा) और भुवनेश्वर प्रसाद शर्मा को सह-संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक के दौरान हिंदू सम्मेलन की रूपरेखा पर चर्चा की गई। कार्यक्रम को लेकर विभिन्न जिम्मेदारियां तय की गईं। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से खंड संघचालक अर्जुन धनगर का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

घपला हाऊसिंग बोर्ड-फंदा ओवर ब्रिज का निर्माण होगा पूर्ण, शहर की दो महत्वपूर्ण सड़कों का

नया साल, नया सवेरा: देवी लोक और दो ओवरब्रिजों की मिलेगी सौगात, विकास को लगेंगे नए पंख

डीआर संवाददाता>>सीहोर

कैलेंडर का पन्ना बदलने के साथ ही जिला एक ऐसे स्वर्णिम युग में प्रवेश करने जा रहा है, जहां आस्था, आधुनिकता और अवसंरचना का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। साल 2026 सीहोर के लिए केवल एक नया साल नहीं, बल्कि इन्फ्रास्ट्रक्चर का वर्ष होने वाला है। इस साल जिले को सलकनपुर में भव्य देवी लोक जैसा धार्मिक पर्यटन केंद्र मिलेगा तो वहीं शहर को जाम से मुक्ति दिलाने वाले दो बड़े रेलवे ओवरब्रिज भी समर्पित होंगे। सिंचाई के क्षेत्र में भी नर्मदा का पानी अपने खेतों तक पहुंचने का सपना साकार होगा।

बता दें नये साल का सबसे बड़ा आकर्षण सलकनपुर स्थित विजयासन देवी धाम में बन रहा देवी लोक होगा। उज्जैन के महाकाल लोक की तर्ज पर बन रहे इस भव्य प्रोजेक्ट की आधारशिला 31 मई 2023 को रखी गई थी। वर्तमान में इसका लगभग 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। इस लोक में श्रद्धालुओं को माता के शक्ति स्वरूपों के दिव्य दर्शन होंगे। यहां 64 योगिनी चौसठ की लागत से बन रहा है, जब अपने अंतिम चरण में है। मार्च 2026 तक इसे आम जनता के लिए खोल दिया जाएगा। इसी तरह मोहल्ला हबीब खाँ में स्थित फंदा रेलवे ओवरब्रिज का काम भी अंतिम चरण में

शिक्षा और सिंचाई के क्षेत्र में बड़ी छलांग

जिला मुख्यालय के मालदीक रोपुर में भी कॉलेज का सपना आकार ले रहा है। माना जा रहा है कि 2026 के अंत तक यहां के अपना नया परिसर मिल जाएगा। इसी तरह खेती के लिए भी यह साल खुशखबरी लाया है। कर्मसा पार्वती लिंक परियोजना जाकी रामपुरा लखावाव तक सकलतापूर्वक टेस्टिंग के बाद पहुंच जा है। मार्च 2026 तक आगर होज के 150 से अधिक गांवों के खेतों में नर्मदा का पानी पहुंचने लगा यहीं सिंचाई विस्तारीकरण पर लगभग भी सीहोर जिलेवाले साल 2006 के अंत तक सिंचना शुरू हो जाएगा। इससे कृषि दिशिका होगी और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। कुल मिलाकर शहर के सौंदर्यीकरण की दिशा में महती पूल से लुनिया चौराहा तक की सड़क ढाई करोड़ की लागत से बनकर तैयार हो रही है। वहीं सोयाबनी चौराहा से भोपाल

नाका तक की स्मार्ट रोड का काम भी तेजी पर है।

इस राजमार्ग में विद्युतन, आधुनिक स्ट्रीट लाइट और वेदार ड्रेनेज सिस्टम होगा। माना जा रहा है कि 2026 के अंत तक यह मार्ग पूरी तरह सुव्यवस्थित होकर शहर की सुंदरता में चार चांद लगाएगा। इससे न केवल जाम से मुक्ति मिलेगी, बल्कि आवाजाही गतिविधियों को भी गति मिलेगी। धार्मिक पर्यटन से लेकर शिक्षा और बुनियादी ढांचे तक साल 2 में सीहोर जिले की तस्वीर पूरी तरह बदली हुई नजर आ रही है।

खेत की रखवाली नहीं, नशे की खेप छुपाकर बैठा था आरोपी,

डीआर संवाददाता>>सीहोर

पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला द्वारा दिए गए नववर्ष को लेकर दिशा निर्देशन में रखवाली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने ग्राम सिलसिला सीहोर में एक खेत पर दबिश देकर भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ गांजा जब्त किया है। आरोपी खेत की आड़ में नाले की खेप छुपाकर बैठा था, जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर रंगे हाथों दबोच लिया। जब्त किए गए 10 किलो 610 ग्राम गांजे की अनुमानित कीमत 1 लाख 6 हजार रुपये बताई जा रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार नववर्ष को मद्देनजर जिले भर में अवैध शराब और मादक पदार्थों की धरपकड़ के लिए चौकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 30 दिसंबर को गश्त में गांजा बरामद हुआ।

खेतवाली पुलिस को मिली कि ग्राम सिलसिला गुरुवरिया से पूछताछ सूचना मीरा-बडवगर रोड पर भंवरासल के खेत में एक व्यक्ति अवैध गांजे को रखा मौजूद है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने बिना वक्त गंवाए बताए गए स्थान पर दबिश दे। वहां एक व्यक्ति खेत में एक बोरी लिए बैठा हुआ था। संदिग्ध लगने पर जब पुलिस ने उसकी घेराबंदी कर बोरी की तलाशी ली तो सनसनी मची

एक लाख से अधिक की खेप पुलिस अवैध गांजा जब्त किया है। आरोपी के आरोपी के पास से कुल 10 किलो 610 ग्राम खिलाफ थाना खेतवाली में अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अब यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इस नशे की खेपी या सप्लाई के पीछे और कौन-कौन से चेहरे शामिल हैं। संदेह जताया जा रहा है कि यह खेप नववर्ष पर होने वाले आयोजनों में सप्लाई की जानी थी। नाले के खिलाफ इस कार्रवाई में कोतवाली थाना प्रभारी राजेश यादव, उप निरीक्षक रामबाबू रावत, प्रधान आरक्षक पंकज यादव, आरक्षक वीरेंद्र सिंह आरक्षक देवान जैसाल, आरक्षक दीपक यादव, आरक्षक संजय शर्मा और सैनिक कमलेश की सराहनीय भूमिका रही।

चरनाल में शोभायात्रा के साथ कथा का समापन

डीआर संवाददाता>>नरसान

बुधवार को विशाल शोभायात्रा के साथ तीन दिवसीय संगीतमयी श्रीराम कथा का समापन हुआ। पिछले तीन दिनों से चल रही संगीतमयी श्रीराम कथा का समापन बुधवार को विशाल शोभायात्रा के साथ किया। कथा के समापन के अवसर पर प्रमुख मार्गों से विशाल शोभायात्रा पूरे ग्राम से निकाली गई। शोभायात्रा श्रीराम मंदिर से शुरू होकर प्रमुख मार्गों से होती हुई वापस श्रीराम मंदिर पहुंची।

कथा के रोचक के दौरान विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। नगरवासियों को ग्राम नरसान स्थित श्री राम मंदिर में अयोध्या रामलला सरकार की स्थापना तिथि के अवसर पर श्री राम लला प्रतिष्ठा महोत्सव समारोह एवं राम कथा का प्रसिद्ध कथावाचक गोस्वामी जी दुर्गेश (अम्मजी) द्वारा श्रीराम कथा का उपस्थित श्रद्धालुओं को रसपान कराया गया। प्रतियोगी में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए

किसानों ने पूजा-पाठ कर 2026 से मांगी सुनहरी फसल की सौगात

डीआर संवाददाता>>सीहोर

वर्ष 2025 को विदा करते हुए और 2026 के स्वागत में क्षेत्र के ग्रामीण किसानों और महिलाओं ने एक ऐसा दृश्य रचा, जिसने पूरे अंचल को आस्था, आशा और उत्सव से भर दिया। किसान व समाजसेवी एनएस नेवाड़ा के नेतृत्व में ग्राम उलदाखेड़ा, रसलाखेड़ी, भोजनखेड़ा सहित आसपास के गांवों के सैकड़ों किसान और महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में कलश, लोटा और पूजा सामग्री लेकर भजन कीर्तन करते हुए मंदिर से खेतों तक निकलीं। सिर पर कलश, हाथों में आस्था और होठों पर भगवान के नाम के साथ यह यात्रा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि किसानी की उम्मीदों का उत्सव बन गई। खेतों तक पहुंचकर महिलाओं और किसानों ने गेहूं की फसल की विधिवत पूजा की। हनुमान जी, खंडेराव बाबा और श्रीराम से हाथ जोड़कर यह प्रार्थना की गई कि बीते वर्ष की सोयाबीन की खरीदी का दुख अब समाप्त हो और 2026 किसानों के लिए खुशहाली लेकर आए। भजन मंडली की महिलाओं कृष्णा बाई, सावित्री बाई, गंगाबाई, राधाबाई, सीताबाई, प्रेम बाई, सरोज बाई राहित अनेक श्रद्धालु महिलाओं ने ढोलक, पेटी और ढोल के साथ भजन गाकर पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। सरकार के प्रति आभार व भविष्य से उम्मीदें।

किराना दुकान में चोरी, शटर उचकाकर ढाई लाख का माल उड़ाया

डीआर संवाददाता>>सीहोर

जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम डीलापुर में मंगलवार रात अज्ञात चोरों ने एक बड़ी वारदात को अंजाम देते हुए एक किराना दुकान को अपना निशाना बनाया। चोर दुकान का ताला तोड़कर अंदर घुसे और वहां रखा करीब ढाई लाख रुपये मूल्य का कीमती सामान व नकदी समेत सारा माल ले गए। घटना की सूचना क्षेत्रवासी पुलिस को दे दी गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विलकिसगंज रोड स्थित डीलापुर मोड़ पर रूप सिंह परमार की किराना दुकान संचालित है। रूप सिंह के पिता रामलाल परमार पेशे से किसान हैं और परिवार इस दुकान के जरिए अपनी आजीविका चलाता है। मंगलवार की रात चोरों ने सूनी दुकान के शटर का ताला तोड़कावा और भीतर प्रवेश किया। बुधवार सुबह जब दुकान खोलने पहुंचे, तब चोरी की घटना का पता चला। पीड़ित परिवार के अनुसार इस चोरी से उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।

ढाई कुंटल अरहर व चनदी नर तथा साफ चोरों ने दुकान से चुन चुनकर कीमती सामान चोरी किया है। चोरी गए माल में 50 किलो काजू-बादाम, 52 किलो सुपारी, पान मसाला और गुटखे के कई बोरे सहित बीड़ी की एक पेटी शामिल है। इसके अलावा बोर गल्ले में रखी करीब 3000 रुपये की चिल्लर, हजारों रुपये कीमत का खाद्य तेल और 10 से 20 रुपये के नोटों के रूप में रखी करीब तीन से चार हजार रुपये भी ले उड़े। पीड़ित दुकानदार के अनुसार चोरों ने ढाई लाख रुपये के माल पर हाथ साफ किया है। ग्रामीणों ने नाराजगी किसान और समाजसेवी एनएस नेवाड़ा के नेतृत्व में ग्राम उलदाखेड़ा, रसलाखेड़ी, भोजनखेड़ा सहित आसपास के गांवों के सैकड़ों किसान और महिलाएं

पूर्व मंत्री ने धरना स्थल पहुंचकर आदिवासियों को दिया समर्थन

डीआर संवाददाता>>बुधनी

बुधनी-सेहतपुर नेशनल हाईवे के भूमि अधिग्रहण के विरोध में आदिवासी समाज जवरा के नेतृत्व में प्रभावित आदिवासी परिवारों का धरना प्रदर्शन लगातार तीसरे दिन भी जारी रहा। बारिश की रात के बावजूद बड़ी संख्या में आदिवासी महिला-पुरुष धरना स्थल पर डटे हुए हैं। प्रदर्शनकारियों की मुख्य मांग है कि भूमि अधिग्रहण के बदले उन्हें उचित मुआवजा तथा स्थायी पुनर्स्थापन की व्यवस्था की जाए। धरने पर बैठे आंदोलनकारी का कहना है कि नेशनल हाईवे निर्माण के लिए उनकी कृषि भूमि और आवासीय क्षेत्र अधिग्रहित किए जा रहे हैं, लेकिन मुआवजे की राशि और पुनर्स्थापन को लेकर अब तक कोई स्पष्ट नीति सामने नहीं आई है। इससे प्रभावित परिवारों के सामने आजीविका और आवास का गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। आदिवासियों ने आरोप लगाया कि पिछले तीन दिनों से धरना जारी रहने के बावजूद सरकार और प्रशासन ने उनकी कोई सुध नहीं ली है। बुधवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व शिक्षा मंत्री दयालुशरण मीना धरना स्थल पर पहुंचे और आदिवासियों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा कि विकास के नाम पर आदिवासियों के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए। उन्होंने महेश विलावा कि आदिवासियों की जायज मांगों को कानूनी सलाह और प्रशासन के समक्ष मजबूती से उठाया जाएगा तथा इस संघर्ष में वे लगातार कदम मिलाकर साथ खड़े रहेंगे। साथ ही उन्होंने जिला कलेक्टर और एसडीएम से समस्या को लेकर बात की। आदिवासियों ने गुरुवार को आंदोलनकारियों से चर्चा करने की बात कही है। इस अवसर पर बुधनी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष योगेश राजपूत सहित कांग्रेस नेता राजेंद्र सीरम सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे और धरना दे रहे

शिक्षा, संस्कार और संवेदना की पाठशाला बना सांदीपनि विद्यालय, नया सीख रहे विद्यार्थी

सीएम राइज चयन के बाद बदल गई तस्वीर, शिक्षकों-समाज के साझा प्रयास से रच रहा अनुकरणीय मॉडल

डीआर संवाददाता>>सीहोर

आजादी के बाद से ही उत्कृष्ट और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की पहचान बना सांदीपनि विद्यालय, पैकवा अब केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं रहा, बल्कि संस्कार, संवेदना और मानवीय मूल्यों के सशक्त केंद्र के रूप में उभरकर सामने आया है। सीएम राइज विद्यालय के रूप में चयन के बाद यहां शैक्षणिक व्यवस्था ने व्यापक और सकारात्मक बदलाव देखने को मिले हैं, जिनका सीधा लाभ विद्यार्थियों को मिल रहा है।

45 जरूरतमंद विद्यार्थियों को शिक्षकों ने पहनाए स्वेटर

ठंड से बचाव के लिए विद्यालय के शिक्षकों ने आपसी सहयोग और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए 45 जरूरतमंद व वंचित विद्यार्थियों को स्वेटर क्रय कर प्रदान किए। यह पहल पूरी तरह शिक्षकों के सामूहिक सहयोग से संभव हो सकी, जिसने विद्यालय को सामाजिक उत्तरदायित्व की मिसाल बना दिया।

स्मार्ट क्लास की पहल, पूर्व मुख्यमंत्री ने किया था लोकार्पण, इससे पूर्व भी विद्यालय स्तर से लगभग दो लाख रुपये की राशि एकत्र कर 11 कक्षाओं में एलईडी टीवी स्थापित किए थे, जिससे स्मार्ट क्लास की शुरुआत हुई। इस सहयोग से प्रभावित होकर राजधानी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान स्वयं विद्यालय पहुंचे थे और स्मार्ट क्लास का लोकार्पण किया था।

समाज का मजबूत साथ, वानप्रस्थियों का मिला सहयोग, विद्यालय की इन पहलों में समाज में विश्वास का माहौल बना। परिणामस्वरूप, जागरूक नागरिक और वानप्रस्थ भी आगे आए। एक स्थानीय व्यवसायी द्वारा विद्यार्थियों को करीब 25 हजार रुपये की स्टेशनरी सामग्री दान की गई। केजी-2 की शिक्षिका वर्षा तलाल ने बताया कि नगर की एक गृहिणी ने उनकी कक्षा को गोद लिया है। वह अपने जन्मदिन सहित अन्य अवसरों पर बच्चों को उपयोगी शैक्षणिक सामग्री भेंट करने का संकल्प ले चुकी हैं। गीताबाई रजिन विजेंद्र के अनुसार, इससे पहले दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा 20 स्वेटर प्रदान किए गए थे, जबकि एक अन्य दानदाता ने 40 विद्यार्थियों को स्कूल शूज उपलब्ध कराए।

सीएमराइज के जरिए संसाधन जुटाने की कोशिशें के प्राचार्य शैलेन्द्र जोशी ने बताया कि विद्यालय छात्रहित में समाज और समुदाय के सहयोग से निरंतर अनुदान जुटाने प्रयास कर रहा है। विभिन्न कंपनियों को सीएसआर (सी) के तहत प्रस्ताव भेजे जा रहे हैं। कृषि संकाय की प्रयोगशाला के लिए अब तक 25 लाख रुपये से अधिक के प्रस्ताव कंपनियों को भेजे जा चुके हैं, जिन्हें भारत सरकार के विवरणिका पोर्टल पर भी अपलोड किया गया है।

विद्यार्थियों 20 से जरूरतों सहयोग मीडिया प्रभारी सतीश

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर | पौष शुक्ल पक्ष, 13 – 2082 | सीहोर, दिन गुरुवार, दिनांक 01 जनवरी 2026

न्यूज गैलरी

गांव मेहतवाड़ा में प्राण प्रतिष्ठा उत्सव मनाया

जावर। जैसा की अयोध्या में 500 वर्ष के संघर्ष के बाद भगवान राम अपने जन्म स्थल में विराजे थे तिथि अनुसार वह शुभ अवसर एवं सुरभिति है पौष शुक्ल प्रदोष प्रतिष्ठा द्वादशी है प्रभात फेरी द्वारा भगवान का उत्सव पूरे नगर में भजन रामधन प्रसाद वितरण भंडारायें का स्थापन अनेक कार्य प्रातः 8:00 बजे से प्रारंभ हो गए। श्री राम मंदिर निर्माण से पूर्व से भली आ रही प्रभात फेरी जो शाम चली आ रही है की बेला और उसमें भगवान राम के भजन गाते हुए जो प्रभात फेरी चल रही है शीतला माता मंदिर से प्रारंभ होकर पूरे नगर में प्रत्येक मंदिर में धूप बत्ती एवं भजन गाते हुए निकाली जाती है। विशेष कर लोहारों के समय पर प्रभात फेरी में संख्या सैकड़ों में पहुंच जाती है, प्रभात फेरी के समापन पर आने वाले समय में होने वाले हिंदू सम्मेलन की जानकारी रानी बाई की नई एवं प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम का समापन हुआ।

सावित्री देवी शर्मा की पुण्यतिथि पर गोसेवा की

आष्टा। स्वर्गीय सावित्री देवी शर्मा की पहली पुण्यतिथि पर मां पार्वती धाम गौशाला में श्रद्धा और सेवा भाव से कार्यक्रम हुआ। उनके पुत्र राजेश शर्मा, मोनाश शर्मा, गणेश शर्मा और पूरे शर्मा परिवार ने विधिवत गौ माता की पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम में गौ शालाओं को हरी सब्जी, भुट्टा और पशु आहार खिलाया गया। शर्मा परिवार ने गौशाला का निरीक्षण किया। आहार-चारा, स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था देखी। बीमार और एक्सीडेंटल गोवंश का पशु चिकित्सकों द्वारा हो रहे उपचार की जानकारी ली। गौसेवकों की सेवाभावी भूमिका को भी सराहा। इस मौके पर शर्मा परिवार ने मां पार्वती धाम गौशाला समिति को 2100 रुपए की दानराशि दी। समिति अध्यक्ष नीरज कुशवाह ने रमा सावित्री देवी को श्रद्धांजलि दी।

आनंद पटेल बने भाजपा जिला उपाध्यक्ष

भैरूंदा। भारतीय जनता पार्टी संगठन में सक्रियता और समर्पण को देखते हुए जिला अध्यक्ष महेश मेवाड़ा ने आनंद पटेल पर भरोसा जताया है। संगठन की मजबूती और आगामी लक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए आनंद पटेल को भाजपा जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अपनी इस नई जिम्मेदारी पर हर्ष व्यक्त करते हुए आनंद पटेल ने केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं क्षेत्रीय विधायक रमाकांत भार्गव सहित जिला अध्यक्ष एवं पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व का आभार माना। उन्होंने कहा कि पार्टी ने उन पर जो भरोसा जताया है। वह उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे और संगठन की रीति-नीति को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे।

पंचकोशी यात्रा 21 से, नर्मदा जयंती पर होगा समापन

भैरूंदा। तहसील से लगभग 12 किलोमीटर दूर स्थित मंडी क्षेत्र में मां नर्मदा पंचकोशी यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह पंचकोशी यात्रा 21 जनवरी 2026 से शुरू होकर 25 जनवरी 2026 को नर्मदा जयंती के पावन अवसर पर संपन्न होगी। यह आयोजन क्षेत्र की धार्मिक परंपराओं, आस्था और सामाजिक एकता का प्रतीक माना जा रहा है।

लाड़ली | थाने पर सैकड़ों महिलाओं का प्रदर्शन, अवैध शराब के खिलाफ फूटा आक्रोश, शासन और प्रशासन से उठाई अपनी मांग

लाड़ली बहनें बोलीं: साहब 1500 नहीं चाहिए, गांव शराब मुक्त करवा दो, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

डीआर संवाददाता»भैरूंदा

तहसील भैरूंदा में प्रशासन से लाड़ली बहने बोली 1500 रुपये नहीं चाहिए, गांव शराबमुक्त चाहिए। इस बुलंद नारे के साथ सोमवार को ग्राम पंचायत छिंदगांव काछी की सैकड़ों लाड़ली बहनें भैरूंदा थाना और तहसील कार्यालय पहुंचीं। महिलाओं ने अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया और एसडीएम व थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर सख्त कार्रवाई की मांग की।

यह विरोध ऐसे क्षेत्र में हुआ है, जिसे महिलाओं के भ्रमण कहे जाने वाले पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का गृह जिला और संसदीय क्षेत्र माना जाता है। इसके बावजूद बुधनी विधानसभा अंतर्गत भैरूंदा तहसील के गांव-गांव में अवैध देशी और कच्ची शराब की खुलेआम बिक्री से महिलाओं में गहरा आक्रोश है।

एक दर्जन गांवों की महिलाओं ने सौंपे ज्ञापन

तहसील भैरूंदा की लाचीर, पचौर, गिलौर, मानास, रोनलपानी, निमोला, भाईबंदी, हमीरगढ़, नयागांव, इटावा कला, इटावी, राजा, पिलाखेड़िया, अकावलिया और पैंटीखेड़ा सहित कई गांवों की महिलाओं ने बताया कि वे इससे पहले भी एसडीएम, तहसीलदार और गोवलपुरा थाना प्रभारी को ज्ञापन दे चुकी हैं। थाना परिसर में धरना देकर शराबबंदी की मांग भी की गई, लेकिन हर बार केवल आश्वासन मिला, ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

नर्मदा तट से गांवों तक फैला अवैध कारोबार

किनारे महिलाओं का आरोप है कि नर्मदा तट से लगे गांवों में नदी खुलेआम कच्ची शराब बनाई व बेची जा रही है। इससे सामाजिक तनाव-कलह बढ़ गया है, युवा नशे की गिरफ्त में जा रहे हैं और घरेलू हिंसा की घटनाएं बढ़ी हैं। इसका सीधा असर महिलाओं और बच्चों पर पड़ रहा है। लाड़ली बहनें 1500 रुपए छोड़ने को भी तैयार

प्रदर्शनकारी महिलाओं ने दो टूक कहा कि यदि गांवों को शराबमुक्त कराने के लिए जरूरत पड़ी तो वे लाड़ली बहना योजना की 1500 रुपये की सहायता राशि भी छोड़ने को तैयार हैं। महिलाओं का कहना था कि पैसों से ज्यादा उनकी बच्चों का भविष्य, परिवार की शांति और गांवों का सुरक्षित माहौल है।

बच्चों की पढ़ाई और रोजी-रोटी पर मार

महिलाओं ने बताया कि मजदूरी और रोटी से होने वाली आय शराब में बह रही है। बच्चे पढ़ाई से दूर हो रहे हैं, परिवार आर्थिक

विधायक के क्षेत्र में भी सवाल प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने याचकनी लगाते हुए कहा कि वे वाजपेयी भार्गव होने के बावजूद अवैध शराब पर प्रभावी नियंत्रण नहीं हो पा रहा। इससे साफ है कि शराब माफिया प्रशासनिक कार्रवाई से बेखौफ हैं। महिलाओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही अवैध शराब बिक्री पर सख्त कार्रवाई और किसी छोटमोटी नहीं हुई तो शराब की सप्लाई गाड़ी गांव के अंदर आने देंगे, साथ ही विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

मोटर साइकिल चोरी करने वाले आरोपी को एक मोटर साइकिल सहित गिरफ्तार

डीआर संवाददाता»रेहटी

पुलिस अधीक्षक सीहोर दीपक सुगर चुलना द्वारा जिले में हो रही चोरियों की घटनाओं एवं वाहनबंदी हेतु दिए गए निर्देशों के पालन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीहोर सुनीता रावत एवं एसडीओपी कुंवरी रवि शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रेहटी निरीक्षक राजेश कटारे के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए एक मोटर साइकिल चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 01 चोरी की मोटर साइकिल जप्त की नई दिनांक को परिवादी सालन नागर पिता रामाधार नागर, उम्र 32 वर्ष, निवासी ग्राम बाग, थाना रेहटी, जिला सीहोर द्वारा थाना अन्तिम लोकल मोबाइल रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 23.11.2025 को उन्होंने बात की अपनी मोटर साइकिल घर के सामने खड़ी की, सुबह देखा कि मोटर साइकिल चोरी कर मौजूद नहीं थी चोरी गई मोटर साइकिल रजिस्ट्रेशन नम्बर उपयोग 'ब' 2439, काले रंग की रॉयल एनफील्ड 350 बुलेट, मॉडल वर्ष 2023 था। काफी स्थानों तलाश करने पर भी कोई सुराग नहीं मिला। अज्ञात व्यक्ति द्वारा मोटर साइकिल चोरी कर ग्राम बाग से मोटर साइकिल चोरी कर थाना आष्टा से चोरी गई मोटर साइकिल रजिस्ट्रेशन नम्बर उपयोग 'ब' 2439, काले रंग की रॉयल एनफील्ड 350 बुलेट, मॉडल वर्ष 2023 था। आरोपित की तलाश में टीम गठित की गई। विवेचना के दौरान आरोपी दीपक रमी उर्फ दीपू, निवासी ग्राम नहरकोला कला, थाना सिवनी मालवा, जिला नर्मदापुरम, हाल निवासी सेक्टर बैक कॉलोनी, सिवनी मालवा से पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी द्वारा घटना दिनांक को ग्राम बाग से मोटर साइकिल चोरी कर ग्राम आष्टाघाट में छुपाकर रखना स्वीकार किया गया। आरोपी की निशानदेही पर ग्राम आष्टाघाट से चोरी गई मोटर साइकिल क्रमांक उपयोग 'ब' 2439, काले रंग की रॉयल एनफील्ड 350 बुलेट, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 01 लाख रुपये है, जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

नववर्ष पर मरीजों की सेवा, डॉक्टरों का होगा सम्मान

डीआर संवाददाता»आष्टा

